# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/डी0आर0/9988
दिनांक : 10.12.2025

## विज्ञप्ति

एन0ई0पी0–2020 के अंतर्गत संचालित बी0ए0, बी0एससी0, बी0काम0 पाठ्यक्रमों के गत वर्षो के छात्र/छात्रा जिन्होंने अपने सम सेमेस्टर (द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर) में माईनर विषय का चयन किया था और उस विषय में अनुतीर्ण रहें थे किन्तु अब वह माईनर विषय विषम सेमेस्टर (प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर) में होने के कारण सत्र जून–2025 की परीक्षाओं के साथ बैक पेपर परीक्षा में सम्मिलित नही हो पाये थे, को सत्र जून–2025 परीक्षाओं हेतु निर्गत प्रवेश पत्र के आधार पर विषम सेमेस्टर सत्र दिसम्बर–2025 के साथ आयोजित होंने वाली माईनर विषय की परीक्षाओं में निम्नलिखित निर्देशों के अनुसार सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान की जाती हैं।

1. ऐसे छात्र/छात्रा उत्तर पुस्तिका के वर्ष/सेमेस्टर वाले स्थान पर अपने मूल सेमेस्टर अर्थात जिस सेमेस्टर (द्वितीय अथवा चतुर्थ) का प्रवेश पत्र उनके पास है, का विवरण अंकित करेगे।
2. विश्वविद्यालय पत्र संख्या NEP Sem. Exam (Dec-2025)/9929 दिनांक 15.11.2025 के माध्यम से निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा देना सुनिश्चित करें।

ऐसे छात्रों से अपेक्षा की जाती है कि वह विज्ञप्ति संख्या परीक्षा/डी0आर0/9906 दिनांक 07.11.2025 एवं विज्ञप्ति संख्या परीक्षा/डी0आर0/9964 दिनांक 28.11.2025 के माध्यम से निर्गत स्नातक NEP परीक्षा कार्यक्रम में वर्णित तिथियों में उपस्थित होकर माईनर विषय की परीक्षा में सम्मिलित होना सुनिश्चित करें।

परीक्षा केन्द्रों हेतु ऐसे परीक्षार्थियों की उपस्थिति पत्रक यथासमय पोर्टल पर उपलब्ध करो दिये जायेगे अतः अनुरोध है कि उपर्युक्त वर्णित व्यवस्था के अंतर्गत परीक्षार्थियों को माईनर विषय की परीक्षा में सम्मिलित कराने का कष्ट करें।

केवल ऐसे छात्र/छात्रा जिनके पास सत्र जून–2025 द्वितीय अथवा चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा का प्रवेश पत्र है, ही उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्ह होगे।

केवल निम्नलिखित विषय कोड में ही छात्र/छात्रा सत्र जून–2025 के प्रवेश पत्र के साथ परीक्षा दे सकेगे।
Q10001, Q10003, Q10004, Q10005, Q10006, Q10007, Q10008, Q10010, Q10012, Q10018, Q10029, Q10030, Q10034

परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि :–**

1. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ तथा समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. वरिष्ठ केन्द्र अधीक्षक, समस्त परीक्षा केन्द्रों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि सम सेमेस्टर जून–2025 हेतु निर्गत प्रवेश पत्र के आधार पर परीक्षार्थियों को विषम सेमेस्टर दिसम्बर–2025 की माईनर विषय की परीक्षाओं में सम्मिलित कराने का कष्ट करें।
3. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
4. व्यैक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
5. व्यैक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
6. व्यैक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
7. सहा0 कुलसचिव (गोपनीय)/समन्वयक रिजल्ट सेल/प्रभारी कम्प्यूटर केन्द्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि परीक्षाओं के पश्चात उपर्युक्त प्रकार के परीक्षार्थियों के अंक उनके सम्बन्धित सम सेमेस्टर में पोर्ट कराने का कष्ट करें।
8. प्रभारी–अतिगोपनीय विभाग/कमेटी सैल/बी0एड0 सैल/व्यवसायिक पाठ्यक्रम।
9. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत समस्त एजेंसियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
10. विश्वविद्यालय पूछताछ केन्द्र।
11. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
12. गार्डफाइल।

10/12/25

उप कुलसचिव (परीक्षा)